हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 49 देहरादून, शुक्रवार, 09 अगस्त, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



उत्तराखंड की 13 वीरांगनाएँ तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित, 32 को मिला आंगनबाड़ी पुरस्कार 3

# नदियों को चिन्हित कर उनके पुनर्जीवीकरण पर हो कार्य : मुख्यमंत्री धामी

## वनाग्नि की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में छोटी-छोटी तलैया बनाई जाए : सीएम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 09 अगस्त : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को जलागम प्रबन्ध निदेशालय इन्द्रानगर में जलागम विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रारंभिक चरण में राज्य की दो नदियों को चिन्हित कर उनके पुनर्जीवीकरण की दिशा में कार्य किये जाएं। इसमें एक नदी गढ़वाल मण्डल से और एक नदी कुंमाऊ मण्डल से चुनी जाय। वनाग्नि की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में छोटी-छोटी तलैया बनाई जाए, इसमें जन सहयोग भी लिया जाए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ ही लोगों की आजीविका को बढ़ाने की दिशा में जलागम विभाग द्वारा विशेष ध्यान दिया जाए।





- प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ ही लोगों की आजीविका को बढ़ाने के हों प्रयास
- मुख्यमंत्री ने जलागम प्रबन्ध निदेशालय में जलागम की समीक्षा की

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण में इसका भी आंकलन किया जाए कि इससे जल स्रोतों पर कोई प्रभाव तो नहीं पड़ रहा है, योजनाओं के निर्माण से प्रभावित होने वाले जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में भी कार्य किये जाएं। जलागम द्वारा संचालित योजनाओं के अन्तर्गत वाइब्रेंट विलेज को भी प्राथमिकता में रखा जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि बाह्य सहायतित परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए। केन्द्र सरकार से सहायतित योजनाओं को शीर्ष प्राथमिकता में रखा जाए। 90 प्रतिशत केन्द्रांश और 10 प्रतिशत राज्यांश वाली योजनाओं में और तेजी लाने के निर्देश भी उन्होंने दिये। स्प्रिंग एण्ड रिवर रिजुविनेशन प्राधिकरण द्वारा प्राकृतिक जल स्रोतों एवं वर्षा आधारित नदियों के पुनरोद्धार के लिए लघु एवं दीर्घकालिक उपचार की योजनाएं बनाकर उनका मूल्यांकन व अनुश्रवण किये जाने के भी निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं।

मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए वन विभाग के साथ मिलकर उठाये जाएं प्रभावी कदम।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जलागम विकास परियोजनाओं के नियोजन एवं क्रियान्वयन के लिए सतत जल संसाधन प्रबन्धन, सतत भूमि एवं पारिस्थतिकी प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन न्यूनीकरण और जैव विविधता संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कार्य किये जाएं। मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए वन विभाग के साथ मिलकर प्रभावी कदम उठाये जाएं। पारंपरिक उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ ही कृषि योग्य बंजर भूमि में औद्यानिकी एवं कृषि-वानिकी गतिविधियों द्वारा कृषकों की आय में वृद्धि करने के लिए कार्य किये जाएं। जलागम की योजनाओं में महिला सशक्तीकरण के लिए महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया जाए।

बैठक में जानकारी दी गई कि जलागम विभाग द्वारा उत्तराखण्ड में चयनित सूक्ष्म जलागम क्षेत्रों में पर्वतीय कृषि को लाभदायतक तथा ग्रीन हाऊस गैस न्यूनीकरण के लिए विश्व बैक द्वारा पोषित 'उत्तराखण्ड जलवायु अनुकूल बारानी कृषि परियोजना' को स्वीकृति मिली है। 1148 करोड़ की धनराशि की यह योजना 2024 से 2030 तक संचालित होगी। इस परियोजना के तहत स्प्रिंग शेड मैनजमेंट के माध्यम से जल निकासी एवं मृदा अपरदन में कमी लाने, कृषि क्षेत्र में ग्रीन हाऊस गैस को कम करने, बारानी व परती भूमि पर वृक्षारोपण के द्वारा कार्बन की मात्रा में सुधार कर कार्बन फैंसिंग से कृषकों की आय में वृद्धि करने बारानी एवं सिंचित फसलों की उत्पादकता में वृद्धि, उच्च मूल्य फसल उत्पादन के कृषि कलस्टरों की स्थापना एवं एग्री बिजनेस ग्रोथ सेंटर की स्थापना की जायेगी। बैठक में बताया गया कि राज्य के तीन जनपदों पौड़ी, अल्मोड़ा व पिथौरागढ़ में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-जलागम विकास घटक 2.0 के तहत कार्य हो रहे हैं।

बैठक में जलागम प्रबंधन मंत्री सतपाल महाराज, उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद् विश्वास डाबर, जलागम परिषद के उपाध्यक्ष रमेश गढ़िया, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव नमामि बंसल, परियोजना निदेशक जलागम नीना ग्रेवाल एवं जलागम विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री से परियोजनाओं के संबंध में की चर्चा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नई दिल्ली , 9 अगस्त , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए जल एक महत्वपूर्ण संसाधन हैं और जल विद्युत परियोजनायें राज्य की सकल घरेलु उत्पाद में वृद्धि का मुख्य कारक हैं।उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की विद्युत ऊर्जा की मांग की पूर्ति के लिए खुले बाजार से प्रतिवर्ष 1000 करोड़ रुपये की ऊर्जा का क्रय किया जाता है। राज्य में उपलब्ध जल स्त्रोतों से लगभग 25 हजार मेगावाट जल विद्युत क्षमता का आंकलन किया गया है, परंतु वर्तमान में केवल 4200 मेगावाट क्षमता का ही दोहन हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रमुख सचिव , प्रधानमंत्री कार्यालय की अध्यक्षता में हुई समीक्षा में अलकनंदा एवं भागीरथी नदी घाटी में प्रस्तावित 70 परियोजनाओं में से केवल 7 परियोजनाओं जिनका निर्माण कार्य 50 प्रतिशत से अधिक हो गया है का निर्माण जारी रखने एवं कोई भी नई परियोजना प्रारंभ न किये जाने के निर्देश दिए गए हैं।





मुख्यमंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को अवगत कराया कि उत्तराखंड की सीमा में गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के अतिरिक्त अन्य नदी घाटियों पर प्रस्तावित जल विद्युत परियोजनाओं पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि केंद्रीय जल आयोग/जल संसाधन मंत्रालय द्वारा राज्य की अन्य नदी घाटियों यथा धौलीगंगा, गौरीगंगा पर पिथौरागढ़ जनपद में प्रस्तावित परियोजनाओं के विकास के लिए भी अनुमोदन प्रदान नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने राज्य की अन्य नदी घाटियों पर स्थित परियोजनाओं के त्वरित विकास एवं निर्माण की अनुमति प्रदान किये जाने का अनुरोध केंद्रीय मंत्री से किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी में बनने वाली जमरानी बांध बहुउद्देश्यीय परियोजना से हल्द्वानी एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में वर्ष 2051 तक की अनुमानित जनसंख्या के लिए 170 एमएलडी पेयजल उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में लगभग 57000 हेक्टेयर कृषि भूमि हेतु सिंचाई के लिए जल उपलब्ध होगा। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के अंतर्गत इस परियोजना के निर्माण के लिए 1730.21 करोड़ वित्त पोषण हेतु अक्टूबर 2023 में भारत सरकार से स्वीकृत हुए हैं। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को यह भी अवगत कराया कि वर्ष 2023 के प्राइस लेवल के स्तर पर परियोजना की लागत 3808.16 करोड़ है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से पुनरीक्षित लागत PMKSY-AIBP के अंतर्गत वित्त पोषण की स्वीकृति का भी अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से इंटर मिनिस्टीरियल कमिटी की मार्च 2023 में हुई बैठक में राज्य के सीमांत जनपद पिथौरागढ़ की 170.57 करोड़ लागत की 15 परियोजनाओं के लिये शत प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण की संस्तुति पर शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून जनपद के सहसपुर विकासखंड में स्वारना नदी पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जलाशय का निर्माण 203.3 करोड़ रुपये की लागत से किया जाना प्रस्तावित है। इस परियोजना के इंटर स्टेट क्लेरेंस का प्रकरण अपर यमुना बोर्ड में विचाराधीन है, इसके लिये भी मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से उत्तराखंड की लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना के कार्यान्वयन में हो रहे विलम्ब की जानकारी देते हुए अवगत कराया कि लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना देहरादून जिले में यमुना नदी पर 204 मीटर ऊचाँ बाँध बनाया जाना है। इसका निर्माण राज्य की जल विद्युत उत्पादन कम्पनी यूजेवीएन लि0 द्वारा किया जा रहा है। परियोजना के जानपदीय एवं हाइड्रो मैकेनिकल कार्यो की डिजाइन एंव इंजीनियरिंग के लिये केन्द्रीय जल आयोग भारत सरकार के साथ एक अनुबंध पत्र काफी पहले सितंबर, 2013 में हस्ताक्षरित किया गया था तथा जानपदीय कार्या की टेंडर ड्राइंग्स दिसम्बर, 2021 में केन्द्रीय जल आयोग द्वारा निर्गत की गयी है। लखवाड बहुउद्देशीय परियोजना को शीघ्र पूर्ण करने के लिये मुख्यमंत्री ने जल शक्ति मंत्रालय के अधीन केन्द्रीय जल आयोग से प्राथमिकता पर ड्राइंग निर्गत करने का भी केन्द्रीय मंत्री से किया अनुरोध।

# विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत हुई 1438 गोष्ठियां

## विश्व स्तनपान सप्ताह संपन्न, गोष्ठियों में 6744 शिशुवती महिलाओं को किया जागरूक





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 09 अगस्त : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में चल रहा विश्व स्तनपान सप्ताह संपन्न हो गया है। इसके तहत जनपद में 344 आशाओं द्वारा 1438 जागरूकता गोष्ठियां कर 6744 शिशुवती महिलाओं को स्तनपान के लाभ के बारे में जागरूक किया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकरी डॉ विमल सिंह गुसाईं ने बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत ब्लाक अगस्तयमुनि में 164 आशा कार्यकत्रियों द्वारा 651 गोष्ठी, जखोली में 106 आशा कार्यकत्रियों द्वारा 402 गोष्ठी, ऊखीमठ में 74 आशाओं द्वारा 385 गोष्ठियों का आयोजन किया गया, जिसमें अगस्त्यमुनि ब्लाक में 2953, जखोली में 2211 व ऊखीमठ में 1580 शिशुवती महिलाओं को व उनके परिजनों को

■ स्तनपान के महत्व बताया, शिशु पोषण को लेकर किया जागरूक

बताया कि स्तनपान के व्यापक लाभ जैसे शारीरिक व मानसिक विकास, डायरिया, निमोनिया व कुपोषण से बचाव, बच्चे में रोग प्रतिरोधक क्षमता की मजबूती के बारे में जागरूक किया। साथ ही प्रसूता को प्रत्येक बच्चे को जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान कराने और जल्द से जल्द त्वचा से त्वचा संपर्क शुरू करने, पहले 06 माह तक केवल मां का दूध पिलाने, 6 माह से बडे शिशुओं व बच्चों को सुरक्षित व स्वस्थ ऊपरी आहार के साथ स्तनपान जारी रखने का संदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त यह भी जागरूक किया कि स्तनपान कराने से मां के स्वास्थ्य में भी सुधार होता है।

वहीं, जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि, जखोली, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊखीमठ, पीएचसी फाटा व गुप्तकाशी में भी सप्ताहभर शिशुवती महिलाओं व प्रसूताओं को स्तनपान के बारे में जागरूक किया गया।

# भाजपा की समिति ने किया आपदग्रस्त क्षेत्रों का दौरा





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 9 अगस्त , प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट के निर्देश पर आपदा राहत कार्यों में सहयोग एवं आपदा से हुए नुक़सान का जायज़ा लेने के लिए गठित समिति ने बृहस्पतिवार को उत्तरकाशी ज़िले यमुनाघाटी क्षेत्र के विभिन्न आपदग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया । भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष नीरू देवी प्रदेश मंत्री आदित्य चौहान प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने उत्तरकाशी के यमुना घाटी आपदाग्रस्त क्षेत्रों में हुए नुकसान का जायजा लिया । इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद एसडीएम एवं अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बातचीत कर आपदा के संदर्भ में विस्तृत जानकारी ली। आपदा से सर्वाधिक प्रभावित यमुना के उद्गम स्थल के प्रथम पढ़ाव जानकी चट्टी जाकर उन्होंने स्थानीय व्यापारियों एवं लोगों से मुलाकात की। साथ ही आपदा से हुए नुकसान का मौका मुआयना कर प्रभावित से उनके नुकसान की जानकारी ली ।

इस दौरान उन्होंने विश्वास दिलाया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में समूची सरकार और पार्टी संगठन इस कठिन समय में आपके साथ खड़ा है । वहां मीडिया से बातचीत में चौहान ने बताया कि अतिवृष्टि से यहां दुकान, घर, सड़क, खेत खलियान और वाहनों को जबरदस्त नुकसान हुआ है । साथ ही जानकारी देते हुए कहा कि इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर पार्टी की हमारी टीमें केदार घाटी, टिहरी, बागेश्वर, अल्मोड़ा एवं उत्तरकाशी भी गई हैं । यमुना घाटी के साथ सभी जगह की रिपोर्ट तैयार कर उसे सरकार से साझा किया जाएगा । ताकि आपदा से हुए नुकसान की अधिक से अधिक क्षतिपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए और क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग भी शीघ्र दूरस्त कराए जा सकें । प्रतिनिधि मंडल के साथ पूर्व चेयरमैन बड़कोट अतोल रावत , कुलदीप रावत मण्डल अध्यक्ष बीजेपी जयप्रकाश रावत , रणवीर रावत अजय चौहान , रागवीर चौहान , रामप्रकाश आदि भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## हेली से केदारनाथ की यात्रा शुरू, 28 लोग पहुंचे दर्शनों को केदार

रुद्रप्रयाग। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद गुरुवार से केदारनाथ की हेलीकॉप्टर से यात्रा शुरू कर दी गई है। सुबह मौसम ठीक रहा। जिससे शेरसी से हिमालय हेली और गुप्तकाशी से ट्रांस भारत हेलीकॉप्टर ने सुबह सात बजे केदारनाथ से उड़ान भरी। करीब एक घंटे तक दोनों हेलीकॉप्टर सेवाएं देते रहे जबकि फिर मौसम खराब हो गया। बीच में हेलीकॉप्टर सेवा रुक गई। दोबारा मौसम ठीक होने पर हेलीकॉप्टरों ने केदारनाथ के लिए उड़ान भरी। केदारनाथ में व्यवस्थाएं देख रहे उप जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि हेलीकॉप्टर से शुरू हुई यात्रा के पहले दिन कुल 28 यात्री विभिन्न हेलीपैडों से केदारनाथ पहुंचे हैं।

## बहुगुणानगर के लोगों ने की विस्थापन की मांग

चमोली। भू-धंसाव प्रभावित बहुगुणानगर के लोगों ने गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ.धनसिंह रावत से कर्णप्रयाग में मुलाकात कर विस्थापन की मांग की है। पुष्कर रावत, मनवर रावत, सरला खंडूड़ी, हरिराम, हेरेंद्र बिष्ट, चेतन मनोड़ी, सुधीर नेगी, कमला रतूड़ी, राकेश रावत, गबर सिंह, दीपिका, संतोष, बिंद्रा देवी, सुनीता देवी आदि प्रभावितों ने कहा कि दो साल से बहुगुणानगर मोहल्ले में भू-धंसाव हो रहा है। कई बार भू-वैज्ञानिकों की टीम व आपदा प्रबंधन विभाग के अफसर प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर चुके हैं। लेकिन कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने जल्द विस्थापन की मांग करते हुए कहा है कि हर बारिश में स्थानीय निवासी अनहोनी की चिंता व आशंका में घिरे रहते हैं।

## नारायणबगड़ के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक नियुक्त करने की मांग

चमोली। नारायणबगड़ विकासखंड के राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय नारायणबगड़ में शिक्षकों की नियुक्ति की मांग को लेकर अभिभावकों ने उपशिक्षा अधिकारी नारायणबगड़ को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में कहा गया कि यदि शीघ्र अध्यापकों की नियुक्ति नहीं हुई है तो वह आंदोलन को विवश होंगे। अभिवावकों ने उक्त प्राथमिक विद्यालय से शिक्षकों के स्थानांतरण पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में 6 की बजाय महज दो शिक्षक रह गए हैं, जिस कारण पठन-पाठन व्यवस्था चरमरा गई है।

## बदरीनाथ में इसी सीजन में बनाएं तीर्थ पुरोहितों के आवास : डीएम

चमोली। बदरीनाथ महायोजना के कामों का जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए तय समय में काम पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि बरसात के कारण जो कार्य प्रभावित हुए हैं, उनमें तेजी लाई जाए। तीर्थपुरोहितों के अधिकतर आवासीय भवनों का निर्माण कार्य इसी सीजन में पूरा करें। डीएम ने बदरीनाथ में मास्टर प्लान कार्यों का निरीक्षण करते हुए सिविक एमिनिटी सेंटर, अराइवल प्लाजा और रिवर फ्रंट के बाकी निर्माण कार्यो में भी तेजी के निर्देश निर्माण ऐजेंसियों को दिए।

## निर्माण कार्यों की एसआईटी जांच कराएं

चमोली। सिंचाई खंड थराली में स्थाई अधिशासी अभियंता की नियुक्ति, खंड में पिछले तीन सालों में किए गए कार्यों की एसआईटी जांच की मांग को लेकर राजकीय ठेकेदार संगठन का अनिश्चकालीन धरना-प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा। वक्ताओं का कहना था कि मांग नहीं मानी जाती है तो आंदोलन में आम जनता को भी जोड़ा जाएगा। धरनास्थल पर लखन सिंह, गंगा सिंह, महावीर सिंह, किशोर, हरि कृष्णा पांडे, रणजीत सिंह, हरेंद्र सिंह, केडी कुनियाल, बलवंत सिंह, महिपाल सिंह,रणजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड की 13 वीरांगनाएँ तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित, 32 को मिला आंगनबाड़ी पुरस्कार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 09 अगस्त : उत्तराखंड सरकार ने 13 महिलाओं को वीरांगना तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित किया और साथ ही 32 उत्कृष्ट आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी पुरस्कार प्रदान किए। इस वर्ष वीरांगना तीलू रौतेली पुरस्कार में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 13 महिलाओं और किशोरियों को सम्मानित किया गया।



गढ़वाली संगीत की अध्यापिका डॉ. माधुरी बड़थ्वाल (देहरादून), गुलदार से अपनी सास को बचाने वाली विनीता देवी (रुद्रप्रयाग), खेल में प्रीति गोस्वामी (अल्मोड़ा), हस्तशिल्प में नर्मदा देवी रावत (चमोली), साहित्य में सोनिया आर्या (चंपावत), खेल में नेहा देवली (बागेश्वर), संगीता राणा (हरिद्वार), विज्ञान में सुधा पाल (नैनीताल), अंकिता ध्यानी (पौड़ी), सामाजिक क्षेत्र में शकुंतला दताल (पिथौरागढ़) और रीना उनियाल (टिहरी गढ़वाल), तथा पैरा बैडमिंटन में ननदीप कौर (उधमसिंह नगर) और सामाजिक कार्य में गीता गैरोला (उत्तरकाशी) शामिल हैं।

उत्तराखंड की 32 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इस साल आंगनबाड़ी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली कार्यकर्ताओं में शामिल हैं।

उत्तरकाशी से सोनू और सुषमा, टिहरी गढ़वाल से समा पंवार, जुप्पा देवी और पिंकी, पौड़ी गढ़वाल से कविता देवी, जया भारती देवी, उर्मिला देवी और दमयंती देवी, चमोली से धनेश्वरी देवी, अनीता देवी और पुष्पा देवी, रुद्रप्रयाग से विधि रौतेला, देहरादून से रजनी गुलेरिया और प्रियतमा सक्सेना, हरिद्वार से रश्मी शर्मा और रेशमा, अल्मोड़ा से देवकी और गुड्डी देवी, बागेश्वर से कमला खेतवाल, चंपावत से सीमा जोशी और मंजू बिष्ट, नैनीताल से हंसा मेहरा, दुर्गा बनौला और शोभा बौड़ाई, पिथौरागढ़ से भागीरथी देवी, बीनू धामी और सरोज द्विवेदी, और ऊधमसिंह नगर से आरती, समीता श्रीवास्तव, भारती देवी और अंजुरानी चौहान।

# पौड़ी पुलिस का छात्र-छात्राओं को जागरूक करने का अभियान लगातार जारी





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी 09 अगस्त : नए कानूनों के तहत धाराओं और दंडों में हुए बदलाव के सम्बन्ध में छात्र- छात्राओं को दी गयी विस्तृत जानकारी जिसके क्रम में महिला थाना श्रीनगर पुलिस टीम द्वारा राजकीय इण्टर कॉलेज श्रीनगर में छात्र-छात्राओं को भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 तीन नए संशोधित कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

साथ ही आमजन को पुलिस की कार्यशैली के विषय में जानकारी देते हुये उन्हे बढ़ते हुए अपराधों की रोकथाम, मानव तस्कारी, साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों व आपतकालीन नम्बर डायल-112 आदि के बारे में जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि यदि उनके साथ कोई भी व्यक्ति गलत व्यवहार या छेड़छाड़ करता है तो इस तरह की घटनाओं को कदापि नजर अंदाज न करें, इसकी सूचना तत्काल अपने परिजनों और पुलिस को देने हेतु बताया गया।

# केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं शुरू, दर्शन कर प्रफुल्लित हुए श्रद्धालु



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 09 अगस्त : केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर हुई अतिवृष्टि के चलते प्रभावित यात्रा एवं बाबा के दर्शन दोबारा शुरू कराने के लिए युद्धस्तर पर कार्य चल रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन पर मौसम साफ होने के बाद हैली सेवाओं से यात्रा एवं दर्शन शुरू हो गए हैं। वहीं धाम में हैली रेस्क्यू का इंतजार कर रहे 33 यात्रियों को भी एमआई 17 व अन्य हैली सेवाओं के माध्यम से दोपहर तक रेस्क्यू कर लिया गया है।

सीईओ बीकेटीसी योगेंद्र सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में केदारनाथ धाम में रेस्क्यू एवं राहत कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। बीती सुबह मौसम साफ होते ही वायु सेना के एमआई 17 एव अन्य हैली सेवाओं के माध्यम से धाम में रह रहे श्रद्धालुओं को शेरसी एव चारधाम हेलीपैड पर उतारा गया।

हैली सेवाओं से पर्याप्त राशन एव अन्य अनिवार्य सामग्री भी पहुंच गई है। उधर, मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के निर्देशन पर हैली सेवाओं से बाबा केदार के दर्शनों के लिए भी लोगों ने पहुंचना शुरू कर दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### समय पर बिल भुगतान न होने पर प्रधानों ने जताया रोष

श्रीनगर गढ़वाल। प्रधान संगठन कीर्तिनगर ने ग्राम सभाओं में विकास कार्यों में आ रही समस्याओं को लेकर गुरुवार को खंड विकास अधिकारी से वार्ता की। इस दौरान ग्राम प्रधानों ने गांवों में विकास कार्य बाधित होने पर रोष व्यक्त किया। संगठन के अध्यक्ष सुनय कुकशाल ने कहा कि ग्राम सभाओं में पंचायतों के इस्टीमेट और बिल भुगतान समय पर न होने से सभी विकास कार्य रूके हुए हैं। कहा कि जीओटैग न होने के कारण पंचायतों के कार्यों को करने में बड़ी समस्या उत्पन्न हो रही है। प्रशासनिक व्यय भी समय से खर्च नहीं हो पा रहा है। कहा कि अब ग्राम प्रधानों के पास मात्र दो महीने का समय बचा हुआ है। उन्होंने विकास कार्यों को समय पर करवाएं जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में ग्राम प्रधान ऐराडी बीरबल सिंह, गोनी प्रधान धन सिंह रावत, सिरवाडी प्रधान मीनाक्षी पुण्डीर , हेमा देवी, आशा देवी, सरिता शाह, कविता देवी, प्रीति गोदियाल आदि शामिल रहे।

### छात्रों को दी नए कानूनों की जानकारी

श्रीनगर गढ़वाल। राजकीय इंटर कालेज श्रीनगर में गुरुवार को महिला थाना श्रीनगर पुलिस टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 तीन नए संशोधित कानूनों के बारे में जानकारी दी गयी। इस मौके पर अपराधों की रोकथाम, मानव तस्कारी, साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों और आपतकालीन नम्बर डायल-112 आदि के बारे में जानकारी दी। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक कैलाश कडाकोटी, मनोज भट्ट सहित आदि मौजूद रहे।

### नेगी के निधन पर पूर्व सैनिकों ने दी श्रद्धांजलि

श्रीनगर गढ़वाल। पूर्व सैनिक सेवा कल्याण समिति श्रीकोट गंगानाली के प्रथम कोषाध्यक्ष रुद्र सिंह नेगी के आकस्मिक निधन पर पूर्व सैनिकों ने शोक व्यक्त किया। रुद्र सिंह नेगी लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। गुरुवार को इलाज के दौरान हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट में उनका निधन हो गया। पूर्व सैनिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने वालो में संगठन के अध्यक्ष दर्शन सिंह भण्डारी, पूर्व अध्यक्ष जगदीश भट्ट, बलदेव सिंह नेगी, हर्षवर्धन सिंह नेगी, गिरीश चमोली, पित्री प्रसाद चमोली, दीपक रौथाण, राम चंद्र सिंह चौहान, प्रदीप सिंह रावत, सुरेश गैरोला, सुभाष खण्डूड़ी, गोपाल सिंह नेगी, शिव सिंह बिष्ट, नरेश चंद्र बहुगुणा, राजेंद्र प्रसाद डिमरी, गणेश प्रसाद, सच्चिदानंद शैली आदि मौजूद रहे।

# एसएसपी अजय सिंह की टीम ने फिर दबोचा फ़र्ज़ी अंतर्राष्ट्रीय कॉल सेंटर


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 9 अगस्त , उत्तराखंड के देहरादून जिले में पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि राजपुर थाना क्षेत्र में फर्जी कॉल सेंटर चलाया जा रहा है, जहां से देश के साथ विदेशों में भी लोगों से ठगी की जा रही है. पुलिस ने मौके से इस गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है. देहरादून पुलिस की गिरफ्त में आए सभी आरोपी महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, गुजरात और बिहार के है.पुलिस के मुताबिक उनकी टीम ने मौके से 81 लैपटॉप, 42 मोबाइल फोन, 29 डेस्कटॉप, पांच वाई-फाई राउटर और अन्य उपकरण बरामद किए है. देहरादून पुलिस ने पहली बार जिले में संगठित अपराध करने वाले अपराधियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 111 का मुकदमा दर्ज किया गया है.









यूएसए और कनाडा के लोगों से करते थे ऑनलाइन ठगीः पुलिस ने बताया कि आरोपी खुद को इंटरनेशनल एंटी हैकिंग डिपार्टमेंट का अधिकारी बताकर यूएसए और कनाडा के नागरिकों को अपने जाल में फंसाते थे. इसके बाद आरोपी सिस्टम हैक होने की जानकारी देकर उसे ठीक करने लिए दूसरे व्यक्ति को पॉपअप मैसेज भेजते थे, ताकी उनके सिस्टमों का एक्सेस लिया जा सके. साथ ही यूएसए में बैठी दूसरी टीम द्वारा पॉप अप रन किया जाता था. लोगों से ऑनलाइन स्कैम कर कॉल सेंटर संचालकों को हवाला के माध्यम से पेमेंट भेजी जाती थी.

इंटरनेशनल एंटी हैकिंग डिपार्टमेंट कर्मचारी बताकर लोगों के फंसाते थे आरोपीः वहां मौजूद सभी आरोपी अपने आप को इंटरनेशनल एंटी हैकिंग डिपार्टमेंट का कर्मचारी बताकर विदेश में लोगों से उनके कंप्यूटर सिस्टम से हैकिंग हटाने के नाम पर उनके बैंक खातों की जानकारी प्राप्त कर रहे थे. पुलिस ने मौके से आठ लोगों को हिरासत में लिया. पूछताछ में मुख्य आरोपी मिहिर अश्वनी भाई और ललित उर्फ रोडी ने बताया कि वे ही देहरादून में फर्जी कॉल सेंटर संचालित कर रहे थे, जहां से वो लोग यूएसए और कनाडा के लोगों को टारगेट करते है.आरोपी सबसे पहले हैकिंग के नाम पर पीड़ित के सिस्टम का एक्सेस प्राप्त करते थे. इसके बाद सिस्टमों का कंट्रोल लेकर उनके बैक खाते से एंटी हैकिंग सर्विस के नाम पर स्कैम करते थे. पॉप अप मैसेजों को आरोपी देहरादून से अपनी दूसरी टीम जो यूएसए में है, उसे भेजते थे.

अपनी धाकड़ इमेज को एक बार फिर चरितार्थ करते हुए सटीक पुलिसिंग की बदौलत बड़ा खुलासा करते हुए देहरादून एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने कॉल सेंटर में काम कर रहे 58 कर्मचारियों से पूछताछ की. मौके पर पुलिस ने सभी उपकरणों को सील करते हुए कॉल सेंटर संचालित करने वाले सभी आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया. यह कॉल सेंटर डेढ़ महीने पहले ही खोला गया था. पुलिस संबधित राज्यों में भी गिरोह का कनेक्शन खंगाली जा रही है. इस गिरोह का खुलासा करने वाले टीम को 25 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की गई है.

## रात के समय विद्युत कटौती से ग्रामीण से परेशान घनसाली के ग्रामीण

नई टिहरी। भिलंगना ब्लॉक की हिंदाव पट्टी के गांवों में लगातार बारिश होने के साथ ही गुलदार मौजूदगी से लोग काफी दहशत में है। बीते दिनों एक नौ वर्षीय बालिका को घर के आंगन से दिन दहाड़े गुलदार उठाकर ले गया। लेकिन वन विभाग अभी तक गुलदार को नहीं पकड़ पाया है। जिस कारण क्षेत्र के ग्रामीणों में अभी भी दहशत बनी हुई है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमदत्त अंथवाल और विक्रम घनाता का कहना है कि ऊर्जा निगम रातभर बिजली कटौती कर रहा है। जिस कारण हिंदाव और ग्यारह गांव पट्टी के अंतवाल गांव, कठूड,भोना, पगरियाना, लैणी, अखोड़ी, बजियाल गांव, ढुंग, करखेड़ी, हुलानाखाल, चांजी, डखवान गांव, सरूणा, आली सहित 30 से अधिक गांव अंधेरे में डूबे रहने को मजबूर हैं। कहा कि, लोग रात भर आपदा व गुलदार के भय से सो नहीं पा रहे है।

## तीन साल से मुआवजा भुगतान न होने पर ग्रामीणों ने जताया रोष

नई टिहरी। चंबा के गुनोगी-अरोगी-नकोट बहेड़ा मोटर मार्ग के कारण प्रभावित हुए गुनोगी के ग्रामीणों को लंबे समय बाद भी मुआवजा न मिलने पर रोष व्यक्त किया। ग्रामीणों ने लोनिवि के ईई से मुलाकात कर कहा कि लोनिवि ने सड़क निर्माण के लिए उनके खेत काट दिए। लेकिन मुआवजा भुगतान नहीं किया। चंबा ब्लॉक के गुनोगी-अरोगी-नकोट बहेड़ा मोटर मार्ग का निर्माण लोनिवि ने तीन वर्ष पूर्व कर दिया था। लेकिन सड़क बनाने के लिए गुनोगी के जिन ग्रामीणों के खेतों का कटान व दबान हुआ उन्हें प्रतिकर भुगतान नहीं दिया गया। बृहस्पतिवार को ज्येष्ठ प्रमुख संजय मैठाणी के नेतृत्व में प्रभावित ग्रामीणों ने लोनिवि के ईई को ज्ञापन सौंपा। कहा कि विभाग ने बिना मुआवजा भुगतान किए ही उनके खेत काटकर सड़क तो बना दी। बाजवूद प्रतिकर देना भूल गए। कहा कि तीन साल से गुनोगी के ग्रामीणों को प्रतिकर नहीं दिया गया। कहा कि वह लंबे समय से मुआवजा भुगतान की मांग को लेकर विभाग के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन उन्हें मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने जल्द भुगतान न होने पर बेमियादी आंदोलन की चेतावनी दी। इस संबंध में लोनिवि के ईई जगदीश खाती ने कहा कि एक माह के अंदर प्रतिकर का भुगतान कर दिया जाएगा। इस मौके पर प्रधान खिमानंद कोठारी, पूर्व प्रधान सत्यपाल गुसाईं, प्रेम दत्त थपलियाल, जगदीश कोठारी, मदनलाल थपलियाल, सुखदेव कोठारी, राधा कृष्ण कोठारी, ओमप्रकाश उनियाल, प्रेमा देवी आदि मौजूद थे।

## भाजपा ने हर घर तिरंगा अभियान को बनाए सफल

नई टिहरी। भाजपा का 11 से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान चलेगा। इस दौरान प्रत्येक घरों में तिरंगा फहराएंगे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए मंडलवार प्रभारी भी नियुक्त किए। कहा कि 9 और 10 अगस्त को कार्यक्रम के लेकर प्रत्येक मंडल में बैठकें होनी चाहिए। कहा कि कार्य को हर कार्यकर्ता गंभीरता से लें। गुरुवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक का जिले के सहप्रभारी रमेश चौहान और जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कहा कि देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाना है। इसके लिए हर व्यक्ति के अंदर भारत के गौरवशाली संस्कृति विरासत और देश प्रेम की भावनाएं होनी चाहिए। कहा कि 11 से 15 अगस्त तक हर घर में तिरंगा लहराना चाहिए। कहा कि मंडल से लेकर बूथ तक कार्यक्रम की सफलता के लिए बैठकें संपन्न होनी चाहिए। साथ ही मंडल, शक्ति केंद्र और बूथों में तिरंगा यात्रा भी निकाली जानी चाहिए। इस मौके पर जिला महामंत्री राजेंद्र राजेंद्र जुयाल, उदय रावत,जाखणीधार की प्रमुख सुनीता देवी, भिलंगना प्रमुख बसुमति घणाता,नरेंद्रनगर प्रमुख राजेंद्र भंडारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मेहरबान रावत, दर्मियान कंडारी, गिरीश बंठवाण, परमवीर पंवार, हर्षमणी सेमवाल, शीशराम थपिलयाल,राजेंद्र कोली, मनीषा पंवार, उर्मिला राणा, ममता पंवार आदि मौजूद थे।

## आपदा प्रभावित क्षेत्र में शीघ्र व्यवस्थाएं बहाल करे सरकार

रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग में पत्रकार वार्ता में गहरवार ने कहा कि साल 2013 की आपदा से भी सबक नहीं लिया गया। मौसम अलर्ट के बाद भी केदारनाथ पैदल मार्ग पर बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही कराई गई। हजारों यात्रियों को मार्ग में कई दिनों तक भटकना पड़ा। आपदा में ध्वस्त स्थानीय रोजगार को दोबारा स्थापित करने, व्यापारियों को हुए नुकसान की भरपाई, आपदा प्रभावित क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं फिर से बहाल करने की मांग उठाई। उन्होंने सरकार से केदारनाथ मंदिर में सोना प्रकरण की जांच और केदारनाथ धाम से दिल्ली ले जाई गई शिला को जल्द वापस भिजवाने की मांग की है। इस दौरान शिव सिंह रावत भी मौजूद रहे।

## गाय चुगाने गए बुर्जुग को भालू ने किया गंभीर घायल, हायर सेंटर रैफर

रुद्रप्रयाग। खड़पतिया क्षेत्र के कांडा गांव निवासी 71 वर्षीय गुमान सिंह अपनी दो गाय लेकर जंगल गए थे। गांव के करीब आधा किमी दूर जंगल में उन पर अचानक भालू ने हमला कर दिया। करीब दस मिनट तक वे भालू से संघर्ष करते रहे। किसी तरह वे जान बचाकर सड़क की ओर भाग गए। इसी बीच चिल्लाते हुए जंगल में अन्य लोगों को घटना की खबर लगी। घटनास्थल से पांच सौ मीटर नीचे एक स्कूल के शिक्षक भी मदद को मौके पर पहुंचे। स्थानीय ग्रामीण उन्हें जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार गंभीर घायल व्यक्ति के सिर पर गहरी चोटें हैं। जबकि आंख, नाक, चेहरे पर भी चोटें हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन गांवों में जंगली जानवरों के हमले की घटनाएं हो रही है। लेकिन वन विभाग ग्रामीणों की सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### असामाजिक तत्वों ने पहुंचाया नुकसान,चोरी को दिया अंजाम

श्रीनगर गढ़वाल। देवस्थली पीजी कॉलेज ऑफ बायोमेडिकल साइंस एंड रिसर्च के निर्माणाधीन स्थाई परिसर ग्राम बेलकंडी में लोहे का सामान चोरी कर लिया गया। कॉलेज के प्रबंधक निदेशक शक्ति थपलियाल ने श्रीनगर कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि बीती 26 जुलाई को कॉलेज के निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले लोहे के पाइपों को चोरी कर लिया गया। इसके बाद 28 जुलाई की रात एक व्यक्ति दुपहिया वाहन में सामान ले जाते हुए परिसर में लगाये गये सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।

### प्रमुख ने महाविद्यालय को दी प्रतियोगी परीक्षा की पुस्तकें

नई टिहरी। ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र भंडारी ने राजकीय महाविद्यालय नरेंद्रनगर को 338 प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें भेंट कीं। डेढ़ से दो लाख रुपये अनुमानित लागत की यह पुस्तकें कम आय एवं निर्धन वर्ग के छात्रों के लिए काफी लाभप्रद साबित होंगी। महाविद्यालय के पुस्तकालय प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि पुस्तकें विभिन्न विषयों पर आधारित प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी हैं। प्रतियोगी पुस्तकें वर्तमान शैक्षिक सत्र से ही छात्रों की मांग पर पढ़ने के लिए आवंटित की जाएंगी। पुस्तकालय प्रभारी ने पुस्तकों की महत्ता को देखते हुए कॉलेज के छात्रों को अधिक से अधिक पढ़ने के लिए पुस्तकालय में संपर्क करने की अपील की है। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर उभान ने प्रतियोगी पुस्तकें भेंट करने के लिए ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र भंडारी, क्षेत्र पंचायत एवं प्रशासन का आभार जताया। मौके पर डॉ. विक्रम सिंह बर्त्वाल, वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. सपना कश्यप, विशाल त्यागी. डॉ. सुशील कगड़ियाल, डॉ. विजय प्रकाश भट्ट आदि मौजूद रहे।

### 39 केंद्रों पर संपन्न हुई छात्रवृत्ति परीक्षा

नई टिहरी। सरकारी स्कूलों के छात्रों के प्रोत्साहन संचालित मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति की परीक्षा जिलेभर के 39 परीक्षा केंद्रों पर सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कक्षा 6 और कक्षा 9 के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन देने के लिए यह योजना प्रदेश सरकार की ओर से शुरू की गई है। जिसमें चयनित छात्र को सालभर में करीब 21 हजार 600 रुपये की धनराशि सीधे उनके खातों में डीबीटी की जाती है। मुख्य शिक्षाधिकारी एसपी सेमवाल ने बताया कि गुरुवार को एमएटी (मेंटल एप्टीट्यूड टेस्ट) और एसएटी (सब्जेक्ट एप्टीट्यूड टेस्ट) के दो प्रश्न पत्र परीक्षा कराई गई। जिसमें कक्षा 6 में 4398 परीक्षार्थी उपस्थित और 394 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि कक्षा 9 की परीक्षा में 5957 परीक्षार्थी उपस्थित और 407 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बताया कि परीक्षा के लिए भिलंगना ब्लॉक में 8, देवप्रयाग और नरेंद्रनगर में 6-6, चंबा, प्रतापनगर और जौनपुर में 4-4, कीर्तिनगर में 3,जाखणीधार और थौलधार में 2-2 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

### नशा युवाओं और समाज को कर रहा खोखला

नई टिहरी। पीजी कॉलेज में एंटी ड्रग सेल की ओर से छात्र-छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. पुष्पा नेगी ने कहा कि नशा समाज और खासकर युवा पीढ़ी को खोखला कर रहा है। कार्यक्रम में उत्तराखंड के प्रमुख सेलिब्रिटी के एंटी ड्रग वीडियो मैसेज प्रसारित कर उनसे प्रेरणा लेने को कहा गया। जिनमें मशहूर गायक जुबिन नौटियाल, टेनिस खिलाड़ी लक्ष्य सेन, अभिनेता हेमंत पांडे और अर्चना पूरन सिंह के वीडियो मैसेज से छात्र-छात्राओं को नशे के खिलाफ अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया गया। कहा कि संयम एवं धैर्य का परिचय देते हुए मादक पदार्थों से दूरी बनानी चाहिए। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों की शिकायत तत्काल लोकल प्रशासन को देनी चाहिए। इस मौके पर एंटी ड्रग सेल के समन्वयक डॉ. जयेंद्र सजवाण, डॉ. संदीप बहुगुणा, आरती खंडूड़ी, सत्येंद्र ढौंडियाल, डॉ.गुरुपद गुसाईं, डॉ. विजय नेगी, डॉ. राजकुमार त्यागी, डॉ. अजय बहुगुणा, डॉ. बीडीएस नेगी, मोहन सिंह आदि मौजूद थे।

# वैली ऑफ वर्ड्स की टीम ने सीएम धामी से की मुलाकात





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून : वैली ऑफ वर्ड्स इंटरनेशनल लिटरेचर एंड आर्ट्स फेस्टिवल के संस्थापक और फेस्टिवल डायरेक्टर संजीव चोपड़ा ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री के साथ हुई इस मुलाकात में साहित्यिक आलोचक और VoW फाउंडेशन ट्रस्ट की सचिव यौवानिका चोपड़ा, VoW के अकाउंट्स प्रमुख बिक्रम सिंह और वैली ऑफ वर्ड्स के मीडिया पार्टनर गढ़वाल पोस्ट के सतीश शर्मा भी शामिल हुए।

डॉ. संजीव चोपड़ा ने उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री को वैली ऑफ वर्ड्स फेस्टिवल के आगामी 8 वें संस्करण में आमंत्रित किया और संगठन की विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। डॉ. संजीव चोपड़ा नेमुख्यमंत्री को 17 नवंबर को आयोजित होने वाले फेस्टिवल के 'ग्रैंड फिनाले' वे लिए भी निमंत्रण दिया, जहाँ मुख्यमंत्री द्वारा इस वर्ष के VoW बुक्स अवार्ड्स के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने धामी सरकार का पिछले दो संस्करणों के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोग की आशा व्यक्त की।

डॉ. संजीव चोपड़ा ने इस मुलाकात में सुझाव दिया कि देहरादून को 'नॉलेज सिटी' घोषित किए जाने के संबंध में UNESCO से अपील जाने के संबंध में UNESCO से अपील की जानी चाहिए।

लेखक और स्तंभकार संजीव चोपड़ा ने मुख्यमंत्री को वैली ऑफ वर्ड्स के उद्देश्यों, साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों और विभिन्न साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि इस साल का आयोजन उन प्रतिभागियों की आवाज को मंच प्रदान करेगा जिन्होंने साहित्य, कला, = और संस्कृति के क्षेत्र में विशेष योगदान दिया है। इस बार का आयोजन साहित्य प्रेमियों और विद्वानों के लिए विभिन्न सत्रों, कार्यशालाओं और चर्चाओं के माध्यम से अपना मत रखने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।डॉ संजीव चोपड़ा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को, हाल ही में लॉन्च हुई सचिन चौहान द्वारा अनूदित अपनी पुस्तक के हिंदी संस्करण ₹हम, भारत के राज्यों के लोगः भारत की आंतरिक सीमाओं का निर्माण एवं पुनर्निर्माण" की एक प्रति भी भेंट की। गौरतलब है कि इस पुस्तक में उत्तराखण्ड राज्य को समर्पित एक सम्पूर्ण अध्याय शामिल है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत और विदेशों में साहित्यिक महोत्सवों के मानचित्र पर अपनी विशेष पहचान बना चुके इस साहित्यिक महोत्सव के लिए भरपूर मदद और समर्थन का आश्वासन दिया और साथ ही फेस्टिवल के दौरान उपस्थित रहने के निमंत्रण को भी स्वीकार किया।

# स्वास्थ्य मंत्री ने जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में क्रिटिकल केयर ब्लाक का किया शिलान्यास

चमोली। उत्तराखंड राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा0 धन सिंह रावत ने बृहस्पतिवार को जनपद चमोली भ्रमण के दौरान जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लाक का शिलान्यास कर बडी सौगात दी। जिला अस्पताल में 2072.21 लाख की लागत से बनने वाले 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लाक से मरीजों को गंभीर बीमारी के इलाज में सहूलियत मिलेगी। मेडिकल अधिकारियों के अनुसार जल्द ही क्रिटिकल केयर ब्लाक का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। यहां पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावा उच्चस्तरीय इलाज की सुविधा भी लोगों को आसानी से मिल सकेगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने विधिवत भूमि पूजन करके क्रिटिकल केयर ब्लाक का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में सिटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। इसके अलावा जल्द ही एमआरआई की सुविधा भी अस्पताल को मुहैया की जाएगी। अस्पताल में वाहन पार्किंग की समस्या को देखते हुए यहां पर भवन के निचले तल में 50 वाहनों की पार्किंग भी बनाई जा रही है। जिससे अस्पताल के स्टाफ एवं तीमारदारों को पार्किंग की सुविधा भी मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने मा0 प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीमांत जनपद चमोली स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है।

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान बद्रीनाथ विधायक लखपत सिंह बुटोला, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश मैखुरी, अन्य जनप्रतिनिधियों सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजकेश पांडेय, एसीएमओ डा0 एमएस खाती एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

इससे पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने गोपेश्वर में नए बस स्टेशन के समीप वन वाटिका में पौधरोपण भी किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए हर एक नागरिक को पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित भी किया।




# शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने को जागरूकता पर जोर

## जनपद में 1.98 लाख के लक्ष्य के सापेक्ष बने 68 फीसद आयुष्मान कार्ड

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 09 अगस्त : स्वास्थ्य विभाग व राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बैठक में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व अटल आयुष्मान उत्तराखंड योजना के अंतर्गत छूटे हुए लाभार्थियों का शत प्रतिशत कार्ड बनाने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर स्व पंजीकरण के माध्यम से अधिकाधिक कार्ड बनवाने, आधार में लिंक मोबाइल नंबर को अपडेट करने के बारे में लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मर्तोलिया ने बताया कि स्वास्थ्य अहम विषय है, जिसको देखते हुए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व अटल आयुष्मान उत्तराखंड जैसी महत्वपूर्ण योजना संचालित की जा रही है। उन्होंने योजना के पात्र सभी लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ शिक्षा विभाग, आपूर्ति विभाग, बाल विकास व अन्य विभागों से समन्वित प्रयास करने की अपील की।



अपर निदेशक राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण अतुल जोशी ने बताया कि जनपद रुद्रप्रयाग में 1.98 लाख के लक्ष्य के सापेक्ष 68 फीसदी लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके है। उन्होंने अटल आयुष्मान उत्तराखंड योजना के लाभ, योजना के अंतर्गत अनुबंधित चिकित्सालय व योजना के तहत आच्छादित पैकेज के बारे में पीपीटी प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीएचसी के अलावा चिकित्सा चिकित्सालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आरोग्य मित्रों के माध्यम से स्वास्थ्य कार्ड बनाए जा रहे हैं। वहीं, राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की वेबसाइट के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु मोबाइल एप डाउनलोड कर उसमें स्व पंजीकरण के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाए जा सकते हैं। उन्होंने कार्ड बनाने के साथ-साथ स्वास्थ्य कार्ड के उपयोग को लेकर जागरूक होने पर जोर दिया। वरिष्ठ प्रबंधक पंकज नेगी ने लक्ष्य के सापेक्ष अब तक बने स्वास्थ्य कार्ड के अंतर को कम करने के लिए पूर्ति विभाग से राशन दुकानदार डीलर के माध्यम से स्वास्थ्य कार्ड बनवाने, शिक्षा विभाग से प्रार्थना सभा में बच्चों को आयुष्मान कार्ड के लाभ के बारे में जानकारी देने व बतौर लाभार्थी मोबाइल एप के माध्यम से स्व पंजीकरण कर कार्ड बनवाने के लिए जागरूक करने की अपील की। बैठक में आधार कार्ड पर लिंक मोबाइल नंबर का अपडेशन न होने के कारण ओटीपी प्राप्त न होने से आयुष्मान कार्ड न बन पाने के मामलों के निस्तारण के लिए आधार अपडेशन हेतु आशा कार्यकत्रियों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुसाईं, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रेम सिंह रावत, एआरओ पूर्ति आरएस गुसाईं, शिक्षा विभाग से एमडीएम प्रभारी वीएस कठैत, जिला चिकित्सालय से डॉ. मनीष, डीपीएम हिमांशु नौडियाल, डीसी आईईसी हरेंद्र सिंह नेगी, आरकेएसके काउंसलर विपिन सेमवाल, डीपीसी एनटीईपी मुकेश बगवाड़ी, डीसी आयुष्मान भारत सुखदेव, बीएफए आयुष्मान भारत दीपक नेगी आदि मौजूद रहे।

# सजना रहे खुशहाल, गोपेश्वर पुलिस लाइन में धमाल

- तीज का त्यौहार, मन हर्षित हुआ अपार
- हर तरफ छाई सावन के झूलों की बहार
- सबका सजना हमेशा रहे खुशहाल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चमोली , 9 अगस्त , आम दिनों में बेहद चुनौती भरी ड्यूटी करने वाले पुलिस परिवार ने पुलिस लाईन गोपेश्वर में जमकर मस्ती म्यूजिक और डांस किया। पुलिस अधीक्षक चमोली सर्वेश पंवार के निर्देशन में पुलिस परिवार की महिलाओं व महिला कर्मियों द्वारा तीज त्यौहार का आयोजन किया गया। हरियाली तीज के उपलक्ष्य में तीज उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा हिमानी वैष्णव द्वारा दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना करते हुए महोत्सव का शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात पुलिस परिवार की महिलाओं/कर्मियों की डांस प्रतियोगिता, मेहन्दी प्रतियोगिता, ग्रुप डांस,गायन, रैंप वॉक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रतियोगियों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में बढ-चढ़कर उत्साह के साथ प्रतिभाग किया गया।

पुलिस लाइन गोपेश्वर में किया गया हरियाली तीज का आयोजन

कार्यक्रम के दौरान युवतियां और महिलाएं रंग-बिरंगे परिधानों में नजर आई तथा डीजे पर लोकगीतों और फिल्मी धुनों पर प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर बच्चों व महिलाओं के मनोरंजन हेतु झूले की व्यवस्था भी की गयी थी। झूला झूलकर महिलाएं व बच्चे आनंदित हुए।निर्णायक मण्डल द्वारा तीज क्वीन का खिताब मानसी रावत को दिया गया व प्रथम रनरअप नीलम नेगी, द्वितीय रनरअप दुर्गा देवी व तृतीय रनरअप काजल देवी को प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को तीज पर्व की शुभकामनाएं देते हुए वर्तमान समय में प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की अग्रणी भूमिका के बारे में बताया व आगे भी इसी प्रकार से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा। हर किसी के अन्दर किसी न किसी प्रकार की प्रतिभा अवश्य होती है, अतः ऐसे में हमें अपनी प्रतिभा को सामने अवश्य लाना चाहिए।

इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गोपेश्वर पुष्पा पासवान, अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट छवि बंसल, न्यायिक मजिस्ट्रेट पल्लवी गुप्ता, सहायक अभियोजन अधिकारी खुशबू सिंह, सदस्य उपभोक्ता आयोग चन्द्रकला खण्डूरी व तनुश्री घिल्डियाल मौजूद रही।







# जिला योजना की बैठक में 7428.00 लाख की धनराशि का हुआ अनुमोदन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चमोली। मा0 कैबिनेट मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री डा0 धन सिंह रावत की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला योजना समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में समिति द्वारा जिला योजना वर्ष 2024-25 हेतु जनपद के कुल परिव्यय 7428.00 लाख का विभागवार परिव्यय निर्धारण और कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। इस दौरान समिति के सदस्यों द्वारा रखे गए सुझाव पर परिचर्चा भी की गई।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिला योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित विकास कार्यो को गुणवत्ता के साथ पूरा कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन प्रतिनिधियों के सुझाव एवं जन हित को ध्यान में रखते हुए अति आवश्यक योजनाओं की प्राथमिकता निर्धारित करते हुए जिला योजना में समावेश किया जाए। उन्होंने जन प्रतिनिधियों, समिति के सदस्यों एवं अधिकारियों से कहा कि जिले को विकास पथ पर आगे ले जाने के लिए एकजुट होकर कार्य किए जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जिला योजना में इस बार 10 प्रतिशत बजट भी बढ़ाया है। जनपद में जिला योजना में विभागों की पुरानी देनदारी सबसे कम होने पर उन्होंने जिला प्रशासन को बधाई दी। कहा कि इससे अधिक से अधिक नई योजनाओं को जिला योजना में शामिल करने का अवसर मिलेगा।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि बद्रीनाथ धाम में 50 बेड का अस्पताल भवन बनकर तैयार हो गया है। जोशीमठ में उप जिला चिकित्सालय बनाने के लिए भूमि चिन्हित करने का काम चल रहा है। विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। जनपद को 486 बेसिक शिक्षक दिए जाएंगे। प्रमुख विषयों में 103 सहायक अध्यापक दिए जा रहे है। अभी 1500 एलटी टीचर की नियुक्ति के लिए परीक्षा हो रही है। इसके अलावा 600 प्रधानाचार्य की नियुक्ति भी की जा रही है। जिससे विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पद भरे जाएंगे। उन्होंने कहा कि बेसिक स्कूलों में जहां पर बरसात में छत टपक रही है उनकी मरम्मत भी कराई जाएगी। उन्होंने लोनिवि, पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के कारण अवरूद्व सड़कों को शीघ्र खोला जाए। कहा कि इसके लिए पर्याप्त बजट दिया गया है। इस दौरान उन्होंने जन प्रतिनिधियों के सुझाव भी सुने।

जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी विनय जोशी ने बताया कि जिला योजना वर्ष 2024-25 हेतु 7428 लाख का परिव्यय निर्धारित किया गया है, जिसमें 2223.38 लाख चालू, बचनबद्व एवं मानदेय के लिए और 1114.20 लाख का परिव्यय स्वरोजगार हेतु निर्धारित है। अवशेष 4090.42 लाख धनराशि से नई योजनाओं पर व्यय की जानी है।

जिला योजना के अन्तर्गत विभागवार परिव्यय एवं कार्ययोजना की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जिला योजना वर्ष 2024-25 के लिए लोक निर्माण विभाग को 625 लाख, पूल्ड आवास के लिए 210 लाख, पेयजल निगम को 200 लाख, पेयजल संस्थान को 485 लाख, वन विभाग को 115 लाख, उरेडा 172 लाख, लघु सिंचाई 305 लाख, राजकीय सिंचाई 610 लाख, एलोपैथिक 365 लाख, आयुर्वेद 113, होम्योपैथिक 05 लाख, सामुदायिक विकास 100 लाख, प्रारम्भिक शिक्षा 455 लाख, माध्यमिक शिक्षा 466 लाख, प्राविधिक शिक्षा 20 लाख, कृषि 414.66 लाख, उद्यान 471.22 लाख, पशुपालन 230 लाख, मत्स्य 117 लाख, दुग्ध विकास 65 लाख, सहकारिता 221 लाख, ग्रामीण लघु उद्योग 26 लाख, प्रादेशिक विकास दल 477.36 लाख, खेलकूद 226.36 लाख, पर्यटन 510 लाख, बाल विकास 130 लाख, संस्कृति 35 लाख, पंचायत राज 78 लाख, सूचना 30 लाख, अर्थ एवं संख्या 30 लाख, सेवायोजन 3 लाख, अनुसूचित जाति कल्याण 27 लाख समाज कल्याण 17 लाख का परिव्यय आवंटित किया गया है।

जिला योजना समिति की बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष/उपाध्यक्ष जिला योजना समिति रजनी भंडारी, बद्रीनाथ विधायक लखपत सिंह बुटोला, थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश मैखुरी, जिला योजना समिति के सचिव/जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, संयुक्त सचिव/मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, उप सचिव विनय जोशी, जिला योजना समिति के सदस्य अवतार सिंह, धनपा देवी, पूजा देवी, भागीरथी देवी, मंजू देवी, ममता देवी, लक्ष्मी, कृष्णा सिंह, संजय सिंह सहित विकासखंडों से ब्लाक प्रमुख एवं समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम हिमांशु खुराना ने ली जिला सैनिक कल्याण परिषद की बैठक

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरुवार को जिला सभागार में जिला सैनिक कल्याण परिषद की बैठक ली। जिसमें पूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं एवं आश्रितों की समस्याओं एवं उनके निराकरण को लेकर समीक्षा की गयी और उनके सुझाव लिए गए। उन्होंने पूर्व सैनिकों को अपनी समस्याओं के लिए बैठकों का इंतजार न करने को कहा। कहा कि अगर तहसील स्तर की समस्या है तो तहसील स्तर पर और अगर मुख्यालय में आएं तो उनसे से सम्पर्क कर सकते है। साथ ही उन्होंने सभी विभागों से अनुरोध किया वे समस्याओं को तत्परता से निपटाएं। बैठक में पूर्व सैनिकों ने विभिन्न स्थानों पर सीएसडी कैंटीन विश्राम गृह बनाने व डिस्पेंसरी खोलने, कैंटीन में ग्रॉसरी के सामान की अनउपलब्धता को लेकर सुझाव दिए। जिसमें पूर्व सैनिक ने नन्दा नगर में सीएसडी कैंटीन खोलने को सुझाव दिया। इस पर सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि क्षेत्रपाल में एक कैंटीन संचालित है जो कि नन्दानगर से मात्र 30 किमी पर स्थित है। वहीं उन्होंने नन्दानगर के काण्डई पुल के समीप शहीद सैनिक अनुसूया प्रसाद महावीर चक्र के स्मृति में शहीद द्वार के निर्माण को लेकर जानकारी मांगी। इस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम चमोली को मामले की जांच कर रिपोर्ट देने को कहा। एक अन्य पूर्व सैनिक ने नन्दानगर के लांखी में गैस एजेंसी खोलने के संबंध जानकारी चाही। डीएसओ ने बताया कि इसमें पीडब्ल्यूडी की एनओसी आनी बाकी है। इसपर जिलाधिकारी ने डीएम को प्रकरण की जांच कर 1 सप्ताह में आख्या देने को कहा। नारायणबगड़ में पूर्व सैनिक मिलन केन्द्र को लेकर प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए। गोपेश्वर में सैनिक विश्राम गृह की मांग को लेकर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि चमोली में विश्राम गृह संचालित हो रहा है। गैरसैंण में ईसीएचएस डिस्पेंसरी खोलने को लेकर सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि सैनिकों की संख्या के हिसाब से गैरसैंण में डिस्पेंसरी नहीं खोली जा सकती है। हल्दापानी में स्वतंत्रता सेनानी राय सिंह नेगी की स्मृति द्वार बनाने के संबंध में जिलाधिकारी ने एसडीएम चमोली को चयनित भूमि के संबंध में रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। इस दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सुबोध शुक्ला, कैप्टन डीपी पन्त, कर्नल हरेंन्द्र सिंह रावत,सीटीओ मामूर जहां सहित सभी संबंधित अधिकारी और पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

### आरटीओ कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार रहा जारी

अल्मोड़ा। उत्तराखंड परिवहन मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ के बैनर तले गुरुवार को कोसी स्थित आरटीओ कार्यालय में कार्मिकों ने प्रदर्शन किया। चारधाम मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना मामले में निलंबित कार्मिकों की बहाली नहीं होने से नाराज कार्मिक पूर्ण कार्यबहिष्कार पर चले गए है। वक्ताओं ने कहा कि दुर्घटना के लिए केवल परिवहन विभाग के कर्मचारियों को दोषी ठहराकर उन्हें निलंबित कर दिया गया है। जिससे कर्मचारियों में आक्रोश है। वहीं, कर्मचारियों ने जल्द निलंबित कर्मचारियों की बहाली नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। प्रदर्शन करने वालों में जनपद अध्यक्ष शुभम जोशी, सचिव वसीम अहमद, भास्करानंद जोशी, मनोज रावत, अजय, ज्योति, प्रकाश नाथ, नरेंद्र सिंह महिपाल, ममता पंत, गीतांजलि, कुलदीप जलाल, सूरज सिंह, कैलाश जोशी, गणेश जोशी, मनदीप देव, सुनीता राणा, महेंद्र आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड के अंकित कांडपाल ने UPSC में हासिल की 30वीं रैंक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क


हल्द्वानी 09 अगस्त : यूपीएससी की ईपीएफओ परीक्षा में अंकित कांडपाल 30वीं रैंक हासिल कर असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिशनर के पद पर चयनित हुए हैं। उनकी इस उपलब्धि से पूरे परिवार में खुशी की लहर है। उत्तराखंड के कई प्रतिभाशाली युवा अपनी कड़ी मेहनत से न सिर्फ अपने परिवार का बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन करते हैं। इन होनहार युवाओं की कहानियां आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी हल्द्वानी के अंकित कांडपाल की है।




इन्होने अपनी मेहनत और समर्पण के दम पर असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर का पद हासिल किया है। हाल ही में संघ लोक सेवा आयोग ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर के पद के लिए 2023 की परीक्षा के परिणाम की घोषणा की। इस परिणाम सूची में कुल 159 उम्मीदवारों ने सफलतापूर्वक अपनी जगह बनाई है। इस सूची में हल्द्वानी के अंकित कांडपाल का नाम भी शामिल है। अंकित ने देशभर में 30वीं रैंक प्राप्त करके न सिर्फ अपने जिले और शहर का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है।अंकित ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नैनीताल के सेंट जोसेफ कॉलेज से प्राप्त की।

इसके बाद इन्होने काठगोदाम के सेंट पॉल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। फिर इन्होने वर्ष 2012 में राजस्थान के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान बीआईटीएस पिलानी से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। इसी दौरान वे दिल्ली के एक कोचिंग संस्थान से जुड़े रहे जहाँ से उन्होंने अपनी सफलता की कहानी रची। अंकित की मां माया कांडपाल एक दक्ष गृहिणी हैं, जबकि उनके पिता पी. सी. कांडपाल भारतीय स्टेट बैंक से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। उनकी बहन रितिका एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में वरिष्ठ पद पर कार्यरत हैं। अंकित को लेखन, कोडिंग और खाना पकाने में विशेष रुचि है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और दोस्तों को दिया है।

## संपादकीय



# विनेश तुम भारत का गौरव हो

बिटिया विनेश ! तुम ही भारत का 'गोल्ड' हो, गौरव और प्रेरणा हो। तुम वाकई योद्धा हो, कुश्ती का आक्रामक जज्बा हो। तुम ही देश का सम्मान और सरताज हो। क्या हुआ, यदि तुम ओलंपिक पदक हासिल नहीं कर पाईं ? स्वर्ण और रजत पदक तो स्मृति-चिह्न और खेल के प्रतीक हैं। तुम तो 'चैम्पियन ऑफ चैम्पियंस' हो। देश के प्रधानमंत्री ने भी इन्हीं शब्दों में तुम्हारे हुनर को बयां किया है। वह भी पीड़ित और व्यथित हैं। तुम असली चैम्पियन हो, क्योंकि तुमने चार बार की विश्व चैम्पियन एवं टोक्यो ओलंपिक चैम्पियन यूई सुसाकी को चित्त किया है। वह 82 मुकाबलों से अजेय खिलाड़ी थीं। तुमने एक ही दिन में तीन कुश्तियां लड़ीं और यूक्रेन, क्यूबा की महिला पहलवानों को भी पटखनी देकर फाइनल तक पहुंचीं। विनेश ! तुम बेमिसाल हो और अभूतपूर्व पहलवान हो, जो मुकाबले के फाइनल दौर में पहुंचीं। तुम्हारी उपलब्धियां ऐतिहासिक हैं और दुनिया के मानस पर अंकित हैं। तुम वाकई अद्वितीय हो। बेशक ओलंपिक खेलों का महाकुंभ है, लेकिन उसके नियम अमानवीय और अतार्किक हैं। यदि विनेश फोगाट का वजन 50 किलोग्राम से 100 ग्राम अधिक हो गया था, तो अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति उसे 'फाइनल कुश्ती' के अयोग्य करार दे सकती थी। बेशक नियम तो नियम हैं और भारत भी उनके उल्लंघन का पक्षधर नहीं है, लेकिन विनेश ने तय वजन की परिधि में रहकर ही तीन कुश्तियां लड़ीं और जीतीं। इन उपलब्धियों को कैसे छीना जा सकता है ? उनके सम्मानस्वरूप रजत पदक से भी वंचित कैसे किया जा सकता है ? यह तो एक किस्म की तानाशाही हुई। क्या ओलंपिक खेल भी 'एकाधिकारवादी' हो सकते हैं ? रजत पदक की उपलब्धि तक विनेश का वजन लिया गया, तो 49.9 किग्रा था। अधिकतम सीमा 50 किग्रा. के भीतर ही था। ओलंपिक की ज्यूरी ने ही हर बार उन्हें 'विजेता' घोषित किया। फिर अयोग्यता का सवाल कहां पैदा होता है ? छह बार के विश्व चैम्पियन पहलवान एवं ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता अमरीकी पहलवान जॉर्डन ब्यूरोज ने भी यही सवाल उठाते हुए मांग की है कि विनेश को कमोबेश रजत पदक जरूर दिया जाए। कई कुश्ती विशेषज्ञों और पहलवानों ने भी ऐसे ही आग्रह किए हैं। सभी विशेषज्ञ गलत हों और ओलंपिक समिति ही सही हो, यह कैसे संभव है ? प्रिय विनेश ! तुमने ओलंपिक के मंच पर जिस तरह जीत का परचम लहराया है, देश उन दृश्यों का साक्षी रहा है। देश में जश्न और उत्साह का माहौल था। एक बेहद सुंदर सपना साकार होने वाला था कि अचानक सब कुछ धराशायी हो गया, टूट कर बिखर गया। करीब 144 करोड़ की आबादी वाला देश एकदम स्तब्ध हो गया। सन्निपात की सी स्थिति आ गई। मात्र 100 ग्राम के वजन ने करोड़ों की उम्मीदों, उनके सपनों और उनकी खुशियों को एकदम कुचल दिया। बेशक यह असहनीय पीड़ा और व्यथा है, लेकिन विनेश बिटिया ! तुम यकीन करना कि हम निराश, हताश, कुंठित नहीं हैं, पराजित भी नहीं हुए हैं।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा को प्रभावी कदम उठाए जाएं

हरिद्वार। विश्व हिंदू परिषद ने बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों पर हमले और हिंदुओं की संपत्ति को निशाना बनाए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। गुरुवार को प्रेस क्लब में वार्ता करते हुए विश्व हिंदू परिषद उत्तराखंड के प्रांत अध्यक्ष रविदेव आनंद ने कहा कि पड़ोसी बांग्लादेश हिंसा और अराजकता से ग्रस्त है। निर्वाचित प्रधानमंत्री शेख हसीना के त्यागपत्र देने और देश छोड़ने के बाद अराजक तत्व हावी हो गए हैं और कानून व्यवस्था पूरी तरह निष्प्रभावी हो चुकी है। इस अराजक स्थिति में वहां के अतिवादी जिहादी तत्वों ने हिंदू समाज का बड़े पैमाने पर उत्पीड़न शुरू कर दिया है। हिन्दू अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और घरों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। बांग्लादेश के सभी जिलों से हिन्दुओं के उत्पीड़न की खबरें आ रही हैं। प्रांत मंत्री धीरेंद्र शर्मा ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की स्थिति अत्यंत चिंतनीय है। बजरंग दल के प्रांत संयोजक अनुज वालिया ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं को टारगेट किया जा रहा है। विहिप प्रचार प्रसार विभाग के प्रांत प्रमुख पंकज चौहान ने कहा कि जिहादी मानसिकता से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए हिंदू समाज को सभी भेदभाव भुलाकर एकजुट होना होगा।

## बिजली घर को हटाकर मां गंगा पर पुल बनाए जाने की मांग को लेकर व्यापारियों ने की बैठक

हरिद्वार। मोती बाजार व्यापार मंडल और श्रवननाथ व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने गुरुवार को कंधारी धर्मशाला में बैठक की। इसमें पुराना बिजली घर नंबर 15 को हटाकर वहीं नए पुल के निर्माण और श्मशान घाट तथा खड़खड़ी पंतदीप पार्किंग को जोड़ने के लिए दो नए पुल बनाने की मांग की गई। इस बारे में मुख्यमंत्री और सांसद को ईमेल से पत्र भेजा गया।

कृषि उत्पादन मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा कि सन 2010 के कुंभ के दौरान 15 नंबर बिजलीघर के सारे संयंत्र लालजी वाला में स्थापित किए जा चुके हैं। श्रवननाथ बाजार कुशा घाट मार्ग, मोती बाजार के व्यापारी अरसे से मां गंगा पर नए पुल के निर्माण की मांग कर रहे हैं। कहा कि इसके साथ ही शहर के विकास के लिए तीर्थयात्रियों और व्यापारियों के हित में दो नए पुलों का निर्माण किया जाना जरूरी है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस मैदान में मेले का विरोध

चमोली। उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य और चमोली जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के गोपेश्वर भ्रमण के दौरान विभिन्न संगठनों ने गुरुवार को समस्याओं के समाधान की मांग के लिए ज्ञापन दिए। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष विनोद जोशी के नेतृत्व में व्यापारियों ने पुलिस मैदान में लगने वाले मेले के आयोजन पर विरोध जताया। सरकारी विभागों की ओर से सामाग्री जिले से बाहर से खरीदने पर व्यापारियों ने विरोध जताया है। व्यापार संघ भवन के लिए भूमि देने की मांग व्यापारियों ने की। इस अवसर पर व्यापारी नेता और पूर्व पार्षद नवल भट्ट आदि मौजूद रहे।

### गैर सदस्यों की मौजूदगी पर डीपीसी बैठक में हंगामा

चमोली। चमोली जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में हुई जिला योजना समिति की बैठक हंगामेदार रही। जिला योजना समिति के सदस्य और प्रतिपक्ष के नेताओं ने बैठक का बहिष्कार किया। आरोप लगाया कि बैठक में वे लोग मौजूद हैं, जो सदन के सदस्य ही नहीं हैं। सत्ता पक्ष के वह लोग बैठक में मौजूद हैं जो डीपीसी के सदस्य नहीं हैं। जिला पंचायत सदस्य और डीपीसी सदस्य लक्ष्मण सिंह बिष्ट ने आरोप लगाया कि गुरुवार को डीपीसी की बैठक में गैर सदस्य शामिल हुए। जो सत्ताधारी पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी थे।

### बद्रीनाथ में फंसे साधुओं को पुलिस और एसडीआरएफ ने रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला

चमोली। रास्ता भटकर ऋषि गंगा नदी के दूसरे छोर नारायण पर्वत स्थित चरण पादुका में बुधवार रात्रि फंसे साधुओं को चमोली पुलिस व एसडीआरएफ के जवानों ने किया रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाल लिया। बद्रीनाथ के थानाध्यक्ष नवनीत भंडारी ने रेस्क्यू ऑपरेशन के बारे में बताया कि बुधवार रात्रि पुलिस को सूचना मिली कि बद्रीनाथ मंदिर के पास चरण पादुका में 4 साधु फंस गये हैं। सूचना मिलने पर पुलिस बल व एसडीआरएफ. की टीम आपदा उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची। लगातार बारिश के कारण ऋषि गंगा नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया था। लेकिन पुलिस व एसडीआरएफ के जवानों ने सूझबूझ व धैर्य का परिचय देते हुए बुधवार रात्रि नदी के तेज बहाव को पार किया।

### विधिक जागरूकता शिविर में दी जानकारी

पौड़ी। खैरासैंण स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में गुरुवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अकरम अली ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी व नशा ना करने की अपील की। एसओ दीपक तिवाड़ी ने विद्याथियों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई। साथ ही नशा मुक्ति ट्रोल फ्री नंबर 112 की जानकारी दी। पीएलबी अधिवक्ता ने न्याय बोर्ड, चाइल्ड लाइन व टोल फ्री नंबर की जानकारी दी। इस मौके पर जिला विधिक के अधिवक्ता विनोद कुमार, पीएलबी सतपुली पुष्पेंद्र राणा, प्राचार्य वाईपी सिंह, संजय सिंह, संदीप सजवाल आदि शामिल रहे।

### मोहन सिंह बने अध्यक्ष

पौड़ी। मनरेगा कर्मचारी संगठन एकेश्वर की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में मोहन सिंह रावत को अध्यक्ष, मोहन सिंह सचिव, रुपेश पटवाल कोषाध्यक्ष, चंद्रपाल सिंह संरक्षक चुने गए। बैठक में नई प्रदेश और जिला कार्यकारिणी के आदेशों का पालन ककिया जाएगा। बैठक में शिवशंकर सिंह गुसाई, गजेंद्र सिंह, दिवाकर पंत, अमित पांथरी, चंद्रपाल सिंह, मोहन सिंह, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### पौड़ी परिसर में आक्रोशित छात्रों ने ताला जड़ा

पौड़ी। गढ़वाल विवि के बीजीआर परिसर पौड़ी में गुरुवार को भी छात्रसंघ पदाधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं के हल की मांग को लेकर प्रशासनिक भवन में तालाबंदी की। इस दौरान आक्रोशित छात्र नेताओं ने विवि प्रशासन पर लंबे समय से समस्याओं को दूर करने के बजाय कोरे आश्वासन देने का आरोप लगाया। चेतावनी दी कि यदि विवि प्रशासन द्वारा समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो शुक्रवार से परिसर में पूर्ण रूप से तालेबंदी की जाएगी। गुरुवार को प्रशासनिक भवन में तालेबंदी के दौरान छात्र नेताओं ने धरना देते हुए विवि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। छात्रसंघ अध्यक्ष ऋत्विक असवाल ने कहा कि पौड़ी परिसर में छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए बसों का संचालन, डिप्टी रजिस्ट्रार असिस्टेंट रजिस्ट्रार की नियुक्ति, खेलने के लिए वॉलीबॉल मैदान व बास्केटबॉल कोर्ट निर्माण, प्रोफेशनल कोर्स बीबीए, एमबीए, बीए एलएलबी, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएससी वानिकी व बीपीएड कोर्स का संचालन करवाने की लंबे समय से मांग की जा रही है। परिसर में 2015 से बीकॉम संचालित किया जा रहा है, लेकिन एमकॉम करने के लिए छात्रों को मुक्त विश्वविद्यालय या अन्य विश्वविद्यालय में दाखिला लेना पड़ता है। उन्होंने परिसर में एमकॉम कोर्स संचालित करवाने व सीयूईटी के रिजल्ट में हो रहे विलंब को देखते हुए प्रथम वर्ष के दाखिले मेरिट के आधार पर करवाने की मांग भी की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विवि प्रशासन द्वारा समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो शुक्रवार से परिसर में पूर्ण रूप से तालेबंदी की जाएगी। प्रदर्शनकारियों में लवीश नेगी, खुशी, रिया, मानसी, हिमांशु, सागर, मानसी सिंह, ऋषभ बलूनी, आदि शामिल रहे। परिसर निदेशक प्रो.यूसी गैरोला ने बताया कि छात्रों की मांगों को लेकर लगातार उच्चाधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है।

### सीएमओ ने निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

पौड़ी। मुख्य चिकित्साधिकारी पौड़ी डा. प्रवीण कुमार ने गुरुवार को नैनीडांडा क्षेत्र के अस्पतालों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएमओ ने ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने का आश्वासन दिया। सीएमओ डा. प्रवीण कुमार ने नैनीडांडा क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे के तहत पीएचसी धुमाकोट का निरीक्षण करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी को डिलीवरी प्वाइंट बनाने व दो माह के अंदर डिलीवरी प्वाइंट विकसित करने के निर्देश दिए। सीएमओ ने नैनीडांडा ब्लाक के पीएचसी दिगोलीखाल, गौलीखाल, अदालीखाल के साथ ही आयुष्मान आरोग्य केंद्र किनगोड़ीखाल, शंकरपुर, डुंगरी आदि का निरीक्षण कर चिकित्सालयों व आरोग्य केंद्रों में प्रदत्त सुविधाओं की समीक्षा की ।

### फूलों की खेती अपनाकर मजबूत करे आर्थिकी

पौड़ी। प्रशिक्षण कार्यक्रम समन्वयक नीरज बलूनी ने महिलाओं को फूलों की खेती की विस्तार से जानकारी दी। बताया कि फूलों की खेती से स्वरोजगार अपनाकर आर्थिकी मजबूत की जा सकती है। गुरुवार को प्रशिक्षण के समापन अवसर पर नाबार्ड के डीडीएम हिमांक शर्मा ने महिलाओं को नाबार्ड की ओर से संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर के डॉ. तेजपाल सिंह बिष्ट ने महिलाओं को फूलों की खेती करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया।

# जल जीवन का आधार है : मंत्री गणेश जोशी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 09 अगस्त :कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के कैनाल रोड़ स्थित बारीघाट सामुदायिक भवन में मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जलसंस्थान द्वारा स्वीकृत ₹349.40 लाख की लागत से निर्मित होने वाले राजपुर जोन के बीमा विहार एवं कैनाल रोड में दो नलकूपों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने जलसंस्थान के अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इन नलकूपों के निर्माण से मसूरी विधानसभा क्षेत्र के साकेत कालोनी, वासु एस्टेट, बाडीगार्ड, वारीघाट नई बस्ती, सुरभि इनक्लेव, बीमा विहार आदि क्षेत्र लाभान्वित होंगे।

अपने सम्बोधन में काबीना मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि जल जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आम जनमानस की आवश्यकतानुसार मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन दोनो नलकूपों से लगभग दो हजार एलपीएम पानी प्राप्त होगा और क्षेत्रवासियों को पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी तथा पानी समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने







■ जल संस्थान द्वारा स्वीकृत ₹349.40 लाख की लागत से दो नलकूपों का होगा निर्माण, मंत्री ने पर्ल्स पैराडाइस में पानी की समस्या दूर करने दिये निर्देश

कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार जनता की सरकार जनता के द्वार नारे के साथ कार्य कर रही है। काबीना मंत्री ने जल संस्थान के अधिकारियों को पर्ल्स पैराडाइस में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

गौरतलब है कि वर्तमान में राजपुर जोन के अन्तर्गत कैनाल रोड पर आईटी पार्क पुल से बारीघाट तक रोड के दोनों ओर एवं बीमा विहार में जलापूर्ति कैनाल रोड आईटी पार्क पुलिया के निकट अवस्थित 650 किली क्षमता के टैंक से की जाती है। कैनाल रोड अवस्थित टैंक को शहंशाही आश्रम अवस्थित फिल्टर प्लांट के पेयजल से भरा जाता है। ग्रीष्मकाल में श्रोत पर जल श्राव कम हो जाता है जिस कारण आईटी पार्क पुल के निकट 650 कि0ली0 क्षमता का टैंक पूर्ण क्षमता से नहीं भर पाता है जिस कारण मात्र एक समय ही जलापूर्ति की जाती है। बीमा विहार में तथा कैनाल रोड शिप्रा विहार के समीप नलकूपों का निर्माण करने से इस टैंक को पूर्ण क्षमता के साथ भर सकेगा एवं लाभान्वित क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रातः एवं सांय पर्याप्त मात्रा में हो सकेगी।

इस अवसर पर जलसंस्थान के अधिशासी अभियंता संजय सिंह, मण्डल अध्यक्ष प्रदीप रावत, पूनम नौटियाल, महानगर महामंत्री सुरेन्द्र राणा, अरविंद डोभाल, निरंजन डोभाल, मोहित जयसवाल, अमित थापा, आशीष थापा, समीर डोभाल, जगदीश लखेड़ा, निवर्तमान पार्षद कमल थापा, संजय नौटियाल, योगेश कुमार, उत्तम रमोला, युवा मोर्चा अध्यक्ष विनय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# मंत्री गणेश जोशी ने मनरेगा कार्मिको के नियमितीकरण को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिये

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून 09 अगस्त : सुबे के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों के साथ प्रदेश के मनरेगा कार्मिको को अन्य राज्य की तर्ज पर समायोजन करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। गौरतलब है कि विगत 16 वर्षों से मनरेगा कर्मचारी पंचायत, विकास खण्ड व जिला स्तर पर अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं। इस बाबत कार्मिको द्वारा विभागीय मंत्री को ज्ञापन देकर राजस्थान एवं अन्य राज्यो में मनरेगा कर्मचारियों को स्थाई नौकरी में समायोजित किये जाने के सम्बंध में नियमावली और शासनादेश का परीक्षण कर शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब का कारोबार बंद होने पर शिकायतकर्ता परिवार पर हमला

हरिद्वार। अवैध शराब का कारोबार बंद होने से गुस्साई ननद-भाभी ने दबंगों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता के घर पर हमला बोल दिया। शिकायतकर्ता महिला और उसकी पुत्रियों को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटकर अधमरा कर दिया गया। पीड़िता ने ननद-भाभी समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ कोतवाली रानीपुर में मुकदमा दर्ज कराया है। घटना 21 जुलाई की बताई जा रही है। क्षेत्र के संजय नगर सफेद बिल्डिंग के निकट तरुण हिमालय शिक्षा निकेतन में रहने वाली विनिता कश्यप पत्नी विकास ने कोतवाली रानीपुर में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि उसी बिल्डिंग में प्रीति पत्नी स्वर्गीय नरेश और किरन पुत्री ओमप्रकाश भी रहती है। रिश्ते में दोनों ननद-भाभी अवैध शराब के कारोबार में लिप्त है। जिसकी वजह से मोहल्ले का माहौल खराब है। इस संबंध में उसने नौ जुलाई को स्थानीय पुलिस से शिकायत की थी। जिसके बाद ननद भाभी ने उस पर और उसके पति पर मनगढंत आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकयत कर दी। पुलिस की मौजूदगी में उनकी सुलह हो गई, जिसमें ननद भाभी ने शराब का कारोबार न करने की बात कही थी। शराब का कारोबार बंद होने से उनकी आमदनी बंद हो गई थी। आरोप है कि उसी रंजिश के चलते ननद भाभी ने चार युवकों के साथ मिलकर उसके घर पर धावा बोल दिया। लाठी-डंडों, सरियों से लैस युवकों ने उसे और उसकी बेटी दीक्षा और दामिनी के साथ गाली-गलौज करते हुए बेरहमी से पीट पीटकर लहुलूहान कर दिया। आरोप है कि बेरहमी से पिटाई करने के बाद आरोपी हत्या की धमकी देकर फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि ननद भाभी के अलावा एक आरोपी की पहचान विपिन निवासी बैरागी कैंप कनखल के रूप में हुई है, अन्य की पहचान की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### कॉरिडोर के विरोध में कांग्रेस ने किया बुद्धि शुद्धि यज्ञ

हरिद्वार। कॉरिडोर के विरोध में कांग्रेस ने गुरुवार को कनखल के चौक बाजार में सरकार की बुद्धि-शुद्धि के लिए यज्ञ किया। आरोप लगाया कि सरकार ने कॉरिडोर के नाम से भ्रम फैलाकर व्यापारियों की नींद उड़ा दी है। कहा कि कॉरिडोर के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय अग्रवाल और पूर्व सभासद अशोक शर्मा ने कहा कि सरकार व्यापारी विरोधी है। छह वर्ष पूर्व भी अतिक्रमण के नाम पर शहर को उजाड़ दिया गया था। अब कॉरिडोर के नाम पर व्यापारियों भय फैलाया जा रहा है। कनखल ब्लॉक अध्यक्ष जतिन हाण्डा और शुभम अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस प्रस्तावित कॉरिडोर का विरोध करती है। कहा कि व्यापारियों को साथ संवाद स्थापित करने के लिए ही पार्टी ने एक सप्ताह का कार्यक्रम बनाया है ताकि व्यापारियों की पीड़ा को जाना जा सके।

### मेला अस्पताल के लिए 2.2 करोड़ का बजट पास

हरिद्वार। उप जिला मेला अस्पताल प्रबन्ध समिति की बैठक में गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए 2.2 करोड़ रुपये का अनुमानित बजट पारित किया गया। बैठक में डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल ने कहा कि मरीजों के इलाज के लिए सभी आवश्यक दवाएं अस्पताल में उपलब्ध होनी चाहिए। कहा कि जैनरिक दवाओं की खरीद-खरोख्त पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल ने कहा कि मरीजों का बेहतर ढंग से उपचार होना चाहिए। अस्पताल में मरीजों और उनके तीमारदारों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्हें सभी दवाएं अस्पताल में ही उपलब्ध हो जाएं। इसका ध्यान रखा जाए।

### शराब कारोबार में साझेदार महिला पर डीड का गलत इस्तेमाल करने का आरोप

हरिद्वार। एक शराब कारोबारी ने अपनी साझेदार महिला पर पार्टनरशीप डीड में कूटरचना कर गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगते हुए थाना सिडकुल में मुकदमा दर्ज कराया है। स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नैनीताल के महेश नगर नवाबी रोड हल्द्वानी निवासी पेशे से शराब कारोबारी सचिन जायसवाल ने मुदकमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनके नाम से एक फर्म चली आती है, जिससे शराब का कारोबार उत्तराखंड यूपी में किया जाता है। शराब के कारोबार में उनके कई साझेदार भी है।

# आकांक्षी ब्लॉक स्याल्दे में सम्पूर्णता अभियान पर हुई चर्चा

अल्मोड़ा। नीति आयोग द्वारा एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आकांक्षी ब्लॉक स्याल्दे में सम्पूर्णता अभियान के प्रमुख एजेंडा पर विस्तृत चर्चा हुई। इस बैठक में यह सुनिश्चित किया गया कि संपूर्णता अभियान को 30 सितंबर 2024 तक पूर्णतः संतृप्त कर दिया जाए। बैठक की अध्यक्षता नीति आयोग के सीईओ द्वारा की गई। जनपद अल्मोड़ा से इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे, जिला विकास अधिकारी सन्तोष कुमार पन्त और आकांक्षी विकास खण्ड समन्वयक गोविन्द सिंह डसीला उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने नीति आयोग के निर्देशानुसार यह स्पष्ट किया कि 30 सितम्बर 2024 तक सम्पूर्णता अभियान के सभी सूचकों को संतृप्त किया जाना है। इसके साथ ही, आकांक्षी विकास खण्ड स्याल्दे में सोलर प्लांट लगाए जाने और सोलर मॉडल ग्राम पंचायत बनाने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षी ब्लॉक स्याल्दे के समन्वयक को यह भी निर्देश दिया कि सभी विकासखण्ड वासियों को सरकारी योजनाओं की पूर्ण जानकारी दी जाए और पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए।

# गैस गोदाम लिंक मार्ग सुधारीकरण हेतु धनराशि स्वीकृत

अल्मोड़ा। वर्षों से बदहाली का दंश झेल रहे गैस गोदाम लिंक मोटर मार्ग के सुधारीकरण के लिए शासन ने एक करोड़ अड़तीस लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत कर दी है। विदित हो कि इस लिंक मोटर मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने लगातार प्रदर्शन किए थे तथा एक माह पूर्व उक्त सड़क पर धरना दिया था। कर्नाटक के द्वारा चेतावनी भी दी गई थी कि यदि एक माह के भीतर सड़क सुधारीकरण की कार्यवाही प्रारम्भ नहीं की गई तो वे वृहद जन आन्दोलन के साथ चक्काजाम, आमरण अनशन करने को बाध्य होंगे। उनके धरने का बड़ा असर देखने को मिला। सड़क सुधारीकरण के लिए शासन से एक करोड़ सैंतीस लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत हो गयी है। इस अवसर पर पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गैस गोदाम लिंक मोटर मार्ग अल्मोड़ा का मुख्य लिंक मोटर मार्ग है जिसके सुधारीकरण के लिए, मुख्यमंत्री द्वारा धनराशि स्वीकृत की गयी है जिसका हम समस्त क्षेत्र वासियों की ओर से स्वागत एवं अभिनन्दन करते हैं।

# मां नन्दा सुनंदा महिला संस्था ने धूमधाम से मनाया तीज उत्सव

अल्मोड़ा। मां नंदा सुनंदा महिला संस्था ने अल्मोड़ा के एक होटल सभागार में तीज उत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लता बोरा, पूर्व पालिकाध्यक्ष शोभा जोशी, मीता जोशी उपस्थित रहे। समिति की अध्यक्ष किरन पंत ने कहा कि तीज का पर्व सुहाग से जुड़ा है। भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि को कजरी तीज के नाम से जाना जाता है।

इस दिन महिलाएं पति की लंबी आयु, घर की खुशहाली,संतान सुख के लिए व्रत रखकर शिव-पार्वती और निमड़ी माता की पूजा करती है। यह त्योहार भगवान शिव और माता पार्वती की समर्पित होता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने अखंड सौभाग्य, पति की लंबी आयु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के लिए और अविवाहित कन्याएं अच्छे वर की प्राप्ति के लिए इस दिन का व्रत रखती हैं और भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा अर्चना करती हैं। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष किरण पंत, रीता पंत, पूनम बोरा, मीना जोशी, हेमा मटेला, जया जोशी, सोनिया कर्नाटक, बिंदु भंडारी, प्रतिभा वर्मा, लीला चौहान, सीमा गोसाई, अल्का नज्जीन, लीला साह, शोभा जोशी, जया साह सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।